कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय पोषण सप्ताह आयोजित

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि इस अवसर पर 1 से 7 सितम्बर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम जैसे निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, पोषण क्विज, पोषण जागरूकता रैली एवं माइक्रोग्रीन्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है। यह कार्यक्रम लोगों को अपने पोषण के प्रति जागरूक करने एवं कुपोषण को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि छात्राओं ने निबंध स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से उचित पोषण के सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में जानकारी दी। न्यूट्रीशियन रैली के माध्यम से स्वास्थ्य आहरीय आदतों को अपनाने एवं मोटे अनाजों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया।

इस अवसर पर प्रोसेस्ड फूड और हाई फैट युक्त भोज्य पदार्थों के सेवन को कम करने की शपथ भी ली गई। छात्राओं को माइक्रोग्रीन्स ग्रो करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से माइक्रोग्रीन्स प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें छात्राओं को माइक्रोग्रीन्स से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

न्यूट्रीशियन क्विज के अन्तर्गत पोषण से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन गूगल फॉर्म के माध्यम से किया गया जिसमें 489 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से महेक परवीन-प्रथम, आईनी धृतलहरे-द्वितीय एवं प्रेक्षा यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 16 छात्राओं के भाग लिया जिसमें से शिलमण ठाकुर -प्रथम, मोहनी यादव - द्वितीय एवं पम्मी निषाद-तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में 16 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें शाहीन मनिहार-प्रथम, राखी रजक-द्वितीय एवं मनीषा धृतलहरे -तृतीय स्थान पर रहीं।

पोषण सप्ताह के आयोजन में डॉ. अलका दुग्गल, डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. तोशिना तेलंग, कु. तबस्सुम अली एवं कु. सबीना बेगम का विशेष योगदान रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय पोषण सप्ताह आयोजित